## रमजान प्रारंभ, पहला रोजा आज



**गाडरवार, देशबन्धु ।** मुस्लिम समाज का पवित्र त्यौहार रमजान मुबारक आज से प्रारंभ हो गया है रमजान के पूरे महीने 30 दिन के रोजे रखकर मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की इबादत करते हैं । सुबह शहरी के बाद रोजेदार रोजा रखकर दिनभर नमाज पढ़ते हुए तिलावत कर शाम को मगरिब की अजान होते ही रोजेदार इफ्तार करते है । रमजान का चांद दिखते ही मस्जिदों में तराबीह पढ़ाई जाने लगी है । नगर की सभी मस्जिदों में रमजान मुबारक को लेकर बेहतर इंतजाम किए गए हैं । शाम को मस्जिदों में इफ्तार के वक्त का माहौल देखने काबिल रहता है सभी मस्जिदों में खुशनुमा अंदाज में सामुहिक रोजा अफ्तार किया जाता है मस्जिदों में रोजा इफ्तार की सामग्री अलग अलग किस्म के पकवानों के रूप में भेजी जाती है रमजान के चलते नगर में इफ्तार सामग्री की दुकाने भी सजने लगी है । मुस्लिम समाज के लोग रमजान में काफी खुश नजर आ रहे है ।

जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने नगर पालिका परिषद से रमजान के त्यौहार को लेकर सभी मस्जिदो के आसपास, मुस्लिम इलाको में समुचित साफ सफाई एवं हेलोजिन लाइट लगाने का आग्रह किया है ।

## नगर के शादीशुदा युवक ने जबलपुर में आर्मी का डाक्टर बनकर युवती से की लाखों रुपए की ठगी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा निवासी शातिर बदमाश हरिशंकर ने जबलपुर में आर्मी का डाक्टर बनकर युवती के साथ तीन लाख रुपए की ठगी की है. हरिशंकर एक निजी अस्पताल में काम करता रहा. शातिर बदमाश ने मेट्रोमोनियल साइट पर प्रोफाइल बनाई, इसके बाद स्वयं को कुंवारा बताते हुए युवती से शादी का प्रस्ताव रखकर ठगी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिशंकर कौरव राइट टाउन स्थित निजी अस्पताल में नौकरी करता है. उसने हरिशंकर विश्वकर्मा निवासी गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के नाम से जीवन साथी मेट्रोमोनियल साइट बनाई। इसके बाद हनुमानताल क्षेत्र में रहने वाली युवती से साइट पर दोस्ती की और स्वयं को आर्मी का डाक्टर बताया. इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होती रही, इसके बाद दोनों एक दूसरे के साथ विवाह के लिए राजी हो गए। इसके बाद से हरिशंकर ने युवती के घर आना जाना शुरु कर दी। युवती के माता पिता से चर्चा करते हुए कहा कि वह जल्द ही अपने परिजनों से बातचीत कर शादी की तारीख तय कर लेगा. दोनों एक दूसरे के



साथ करीब दस माह तक बातचीत करते रहे। इस दौरान दोनों के बीच कई मुलाकात हुई. हरिशंकर कोई न कोई परेशानी बताकर युवती से रुपए ऐठता रहा। 26 फरवरी को आरोपी हरिशंकर ने युवती को फोन कर बताया कि प्रयागराज से लौटते समय उसकी कार का एक्सीडेंट हो गया है. वह घायल है और सतना के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। इलाज के लिए सतना से उसे भोपाल एम्स रेफर किया गया है. तुरंत ढाई लाख रुपए की जरूरत है. युवती ने हरिशंकर के बताए खाते में रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद अगले दिन से हरिशंकर का मोबाइल बंद जाने लगा। बातचीत के दौरान हरिशंकर ने युवती से बताया था कि वह कई बार मरीजों को देखने के लिए अनंत अस्पताल जाता है। युवती परिवार वालों के साथ जब अनंत अस्पताल पहुंची तो हरिशंकर से सामना हो गया.। साथी कर्मचारियों ने बताया कि वह डॉक्टर नहीं बल्कि कर्मचारी है. उसकी पत्नी एवं चार साल का बेटा भी है. हरिशंकर द्वारा दिए गए धोखे से व्यथित युवती ने हनुमानताल जबलपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

बताया जाता है कि जांच की तो पता चला कि हरिशंकर कौरव ने विवाह के लिए ऑनलाइन प्रोफाइल बनाते समय अपना उपनाम बदल लिया था। युवती को उसने अपना पदनाम लेफ्टिनेंट डॉक्टर हरिशंकर विश्वकर्मा बताया। युवती को धोखा देने के लिए हरिशंकर विश्वकर्मा नाम का जाली आधारकार्ड व पेनकार्ड भी तैयार करवा लिया। आर्मी अस्पताल में चिकित्सक होने का जाली नियुक्ति पत्र भी बना रखा थाए जिसे के शादी के प्रस्ताव के समय युवती को भेजा। युवती ने विश्वास कर शादी के लिए हामी भर दी थी। पुलिस ने जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर हरिशंकर को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल जब्त किया गया है. आरोपी नरसिंहपुर का रहने वाला है. कई साल से जबलपुर के अनंत अस्पताल में काम कर रहा है।

## सार-समाचार

### नपाध्यक्ष ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने नरसिंहपुर-नर्मदापुरम लोकसभा के सांसद दर्शन



सिंह चौधरी से मुलाकात करते हुए नगर के नागरिकों की सुविधा हेतु मांगपत्र प्रस्तुत किया। जिसमें 10 लाख रुपए की लागत से पांच पानी के टैंकर, 15 लाख रुपए की लागत से दो यूटिलिटी वाहन, आवारा पशुओं को पकड़ने हेतु पांच लाख रूपए की लागत से एक काऊ कैचर वाहन, इस प्रकार कुल लागत 30 लाख रुपए का मांगपत्र प्रस्तुत किया। जिसे सांसद द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही राशि आवंटन की बात कही गई।

### पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटेल दुर्घटना में घायल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा विधानसभा के पूर्व विधायक



गोविंद सिंह पटैल का विवाह समारोह में पलोहा बड़ा जाते समय तेंदुखेडा रोड़ पर चिरह कला तथा अड्डायसा के बीच साइड खड़े पूर्व विधायक के स्कॉर्पियो वाहन में सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी ने जोरदार टक्कर मर दी हैं, जिसमे गोविंद सिंह पटैल तथा साथी केंद्र सिंह राजपूत चोटिल हुए है।बोलेरो चालक ने बताया कि वह गाडरवारा की तरफ आ रहा था इस समय उसकी गाड़ी बहक गई थी, तब उसने ब्रेक लगाया और यह दुर्घटना हो गई। उल्लेखनीय की पूर्व विधायक श्री पटेल के साथ केंद्र सिंह राजपूत बसंत तिवारी थे। श्री पटेल उपचार हेतु नरसिंहपुर पहुंच गए। साथियों को भी हल्की चोटें आयी हैं।

### जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम पहुंचकर महाराज से लिया आशीर्वाद



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रमो में जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम पहुंचकर संत धीरेंद्र शास्त्री का आशीर्वाद लिया एवं उक्त कार्यक्रम में अपनी सेवाएं दी। जाट युवा मोर्चा के सदस्यों ने बागेश्वर धाम में उक्त कार्यक्रमो में दिए गए दायित्व का निर्वाहन करते हुए 11000 रुपए की राशि भी संत धीरेंद्र शास्त्री को सौंपी। बागेश्वर धाम के महाराज संत धीरेंद्र शास्त्री ने जाट युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि मोर्चा के सदस्य हमेशा धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

### अब 15 मार्च से होगी गेहूं खरीदी

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार अब रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य संपूर्ण प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से 5 मई तक किया जाएगा। पूर्व में संभागवार गेहूं उपार्जन की पृथक तिथि निर्धारित की गई थी। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए कृषक आगामी 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

### एनएसएस का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सम्मेलन आज से अमरकंटक में

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर/ सम्मेलन 2 से 8 मार्च तक जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित किया जा रहा है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संगठन व्यवस्था अंतर्गत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के अमरकंटक के मेला ग्राउंड में आयोजित शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त विश्वविद्यालयो से लगभग 600 छात्र- छात्राएं एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी, जिला संगठक भाग लेंगे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता, सोखता गड्ढे का निर्माण, स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, मतदाता जागरूकता, आदि अन्य श्रमदान एवं स्थानीय कार्य व्यवस्था अनुसार जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ बौद्धिक सत्र में विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अमरकण्टक मे राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर की व्यवस्थाओ के संबंध मे सर्व सम्बंधितो को निर्देशित किया है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ देवी मंदिर शक्ति चौक में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय पलोटन गंज शक्ति धाम दरबार में धर्म की गंगा बह रही है। नगर की आस्था का प्रतीक शक्ति धाम दरबार में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं शतचंडी महायज्ञ अनुष्ठान संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन शक्ति धाम परिवार द्वारा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक किया जा रहा है प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर प्रवचन कथावाचक पंडित दीनबंधु शरण शर्मा श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से होंगे । यज्ञ आचार्य पंडित भगवान दास जी शास्त्री इंदौर के सानिध्य में महायज्ञ अनुष्ठान किया जा रहा है।

**नगर में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा** - शक्ति धाम परिसर से धर्ममय वातावरण के साथ हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो पानी की टंकी, महावीर भवन, शक्ति चौक, शुक्रवारा बाजार पुराना बस स्टैंड, जवाहर गंज, बड़ा सराफा, झंडाचौक,चौकी, चावड़ी होते हुए वापस शक्तिधाम मंदिर परिसर पहुची वहा पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में भक्ति भाव के साथ माता रानी की आराधना में लीन होकर हजारो की संख्या में मातृशक्ति सर पर कलश लेकर श्रद्धा भाव के साथ चल रही थी ।





**जगह-जगह की गई पुष्प वर्षा** - नगर के प्रमुख मार्गो से वाहन पर सवार देवी मां की प्रतिमा एवं विभिन्न झांकियां के साथ निकली विंशाल कलश शोभा यात्रा का जगह-जगह धर्मप्रेमी जनों ने फूल माला चढ़ाकर, पुष्प वर्षा करते हुए श्रीफल भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया इसके साथ ही कई स्थानों पर प्रसाद,शीतल पेयजल का वितरण किया गया । शुक्रवारा बाजार मार्ग पर मुस्लिम समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

**झांकिया रही आकर्षण का केंद्र बिंदु** - जगत जननी मातारानी की शोभा यात्रा में सबसे आगे घोड़े पर सवार श्रद्धालु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे डी जे एवं बेंड बाजो पर युवा वर्ग उत्साह के साथ माँ जगदम्बे के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते हुए दिखाई दिए, आदिवासी ढोल का अलग ही आकर्षण रहा, पंजाबी अखाड़े के युवाओं ने हेरत अंगेज करतब दिखाकर सभी का मनमोह लिया, शोभायात्रा वाले मार्ग पर रंगोली सजी हुई दिखाई दी, भस्म रमैया की शानदार प्रस्तुति काबिले तारीफ रही, ढोल पर घोड़े का नृत्य मनमोहक लगा, हनुमान जी की झांकी एवं भगवान भोलेनाथ की नृत्य करती हुई चलित झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए कलाकारों की शानदार प्रस्तुति प्रशंसनीय रही।

शोभायात्रा में धर्म प्रेमी जनता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य जन, सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे। शक्तिधाम परिवार ने शोभा यात्रा में शामिल शहर की धर्मप्रेमी जनता के प्रति आभार जताते हुए सभी से 7 मार्च तक चलने वाले भव्य धार्मिक आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

## प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त नागर अल्प प्रवास पर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** मप्र जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर जबलपुर भ्रमण के दौरान अल्प प्रवास पर नरसिंहपुर पहुंचे। यहां जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा एवं विकासखण्ड समन्वयकों से मुलाकात की। श्री नागर ने परिषद के ग्राम विकास के विविध आयामों पर कार्य कर रही नवांकुर संस्थाओं व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की प्रगति के साथ परिषद के अधिकारी- कर्मचारियों व मैदानी अमले की जानकारी ली। श्री नागर ने वर्तमान में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के सम्पूर्ण मैदानी अमले के माध्यम से स्थानीय जन सहभागिता से प्रदेश के सभी विकासखण्डों में सेक्टर के एक ग्राम का चिन्हांकन कर ग्राम के स्थानीय सहभागिता व संसाधनों के आधार पर आदर्श ग्राम बनाया जाये। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी को आमजनों तक पहुंचाने व उनका प्रचार-प्रसार, नशामुक्ति के लिए नागरिकों को जागरूक करने, गौ संरक्षण व संवर्धन, ग्राम में पौध नर्सरी की स्थापना व संचालन, ग्राम सुरक्षा व स्वावलंबन के साथ ग्राम विकास एवं ग्रामोत्सव के कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने जैसे कार्यों को स्थानीय परिस्थितियों व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए करने के लिए निर्देशित किया।

### नर्मदा नदी में विस्फोटक पदार्थो से मारी जा रही मछली

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** करेली तहसील के अंतर्गत नर्मदा तटीय क्षेत्रों में पिछले काफी दिनों से नर्मदा नदी में विस्फोटक पदार्थों के माध्यम से मछली मारने की जानकारी सामने आ रही है। विस्फोटों से मछली मारने के कारण प्राकृतिक और जैविक रूपसे नुकसान हो रहा है। पूर्व में कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा विशेष प्रावधान के तहत नर्मदा नदी में विस्फोटकों से मछली मारने पर प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद इसके वर्तमान में विस्फ़ोटक के धमाके के उपयोग से छोटी छोटी मछलियों व अन्य जलीय जीवों की मौत हो जाती है जिससे जल दूषित हो जाता है। साथ ही प्राकृतिक रूपसे मछलियों व जलीय जीवों का भी नुकसान हो रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिले में इस तरह के विस्फ़ोटकों को आम लोगों को कौन उपलब्ध करा रहा है, इसकी उचित जाँच कर कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

## मुस्लिम समाज द्वारा नर्मदा यात्री श्रद्धालुओं का किया गया स्वागत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** मानव सेवा ही हर धर्म का मूल उद्देश्य होता है। और इसी मानव सेवा से ही प्रेम भाव उत्पन्न होता है। इसी मानव सेवा और प्रेम भाव को बढ़ावा देने के लिए किसी भी धर्म से ताल्लुक रखने वाले समाज के अच्छे लोग आगे आगे रहते हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए ग्राम रांकई के मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा पड़ोसी ग्राम पिपरिया से मां नर्मदा यात्रा पर सरें भरते हुए श्रद्धालुओं को ग्राम रांकई से गुजरते हुए ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत सम्मान कर उनको स्वल्पाहार और शीतल पेय जल प्रदान कर कुछ देर पंडाल के नीचे रुकने की भी व्यवस्था गई।



इसके बाद सभी श्रद्धालु अपनी नर्मदा यात्रा पर शांतिमय तरीके से रवाना हुए। इस यात्रा में सम्मिलित पिपरिया निवासी विमलेश पटेल ने ग्राम रांकई के मुस्लिम समाज द्वारा श्रद्धालुओं का मान सम्मान, स्वल्पाहार और शीतल पेय जल और पंडाल के नीच ठहरने की व्यवस्था को सराहनीय बताया और सभी उपस्थित समाज सेवी ग्रामीणों का शुक्रिया अदा कर उनको साधुवाद किया और कहा कि आपसी सद्भावना बढ़ाने के लिए ये जरूरी है। और इसी तरीके से आगे भी ये सिलसिला चलते रहना चाहिए। इस मौके पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मचारी भी मौके पर मौजूद रहे।

इस मौके पर ग्रामीण समाज सेवियों में जनाब मतीन मालगुजार साहब, छोटा पटेल साहब, उप सरपंच फैयाज मालगुजार साहब, पूर्व उप सरपंच मुख्तयार दलाल साहब, बल्लू दलाल, मीडिया रिपोर्टर शाह फैसल, शेख नजमुद्दीन मालगुजार साहब, शाहबाज खान(सानू), गुम्मे पटेल साहब, मोहम्मद पटेल, मोहम्मद फरीद, कालू पटेल, मोहम्मद शरीफ (गुल्लू), मोहम्मद इरफान, शाह खिजर, अकबर खान, लुकमान रजा, साबिर, साजिद अब्दुल जब्बार, हाफिज शाकिर इत्यादि अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षिका अर्चना जाट की सेवा को हमेशा याद रखेगा शिक्षा विभाग, दी गई विदाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आज के समय में जब शिक्षा और समाज दोनों के स्तर पर लगातार बदलाव आ रहे हैं, ऐसे में कुछ व्यक्तित्व हैं, जो अपने कार्य से न केवल एक नई दिशा देते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। श्रीमती अर्चना जाट उन गिनती के व्यक्तित्वों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जीवन यात्रा में शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपनी शासकीय सेवा के दौरान अनगिनत छात्रों की जिंदगी को संवारने में अहम भूमिका निभाई।

उक्त बात ग्राम कपूरी के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका अर्चना जाट के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में उनके साथी सहयोगी शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कही। सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब वह अपने सेवा के 42 वर्षों की शानदार यात्रा को समाप्त कर रिटायर हो रही हैं, तब हमें यह समझने का अवसर मिलता है कि एक शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं होता, बल्कि वह बच्चों के जीवन को आकार देने, उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने और उन्हें सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत की राह दिखाने का कार्य भी करता है। श्रीमती जाट ने ठीक इसी तरह से अपने विद्यार्थियों के साथ व्यवहार किया। उन्होंने न केवल शिक्षा दी, बल्कि उन्हें हर



क्षेत्र में उत्कृष्टता की प्रेरणा दी। शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिको ने कहा कि शिक्षक के रूप में अर्चना जाट की समर्पित सेवा ने शिक्षा विभाग को भी गौरांवित किया है । वे न केवल एक शिक्षिका थीं, बल्कि एक मार्गदर्शिका भी थीं ।

उनके द्वारा निभाया गया यह दायित्व साक्षात एक सामाजिक सेवा था, जो किसी भी समाज की नींव को मजबूत करने में सहायक होता है। आज जब श्रीमती अर्चना जाट जी सेवा निवृत्त हो रही हैं, तो यह समय केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी उनके संपर्क में रहे लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। उनके कार्यों और प्रयासों को संबंधित हमेशा याद रखेंगे। समारोह में उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि वे अच्छे स्वास्थ्य के साथ खुशहाल जीवन बिताएं। अब रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाएं। जिससे उनके अनुभव का लाभ समाज को मिल सके। कार्यक्रम में सेवानिवृत हो रहीं शिक्षिका अर्चना जाट ने सेवाकाल के दौरान मिले सहयोग और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भी दायित्व दिए गए उन्होंने कोशिश की कि पूरी निष्ठा के साथ उसे करें। उक्त मौके परजिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, नंदकिशोर शर्मा, उमेश दुबे, राजेश पाराशर, सुषमा गढ़ेवाल, अनीता दीक्षित, अंजना ठाकुर, राजेश शर्मा, ,वहीदा बेग, संकुल प्राचार्य महेश कतिया, समस्त संकुल स्टाप , बीडी यादव, जनशिक्षा के नृपेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, श्योकुमार कुमार जाट, कमलेश जाट, रश्मि वर्मा, अतुल शर्मा, हेमवती मेहरा, सुशीला श्रीवास्तव, अनीता शर्मा, हरिओम जाटव, सीमा कोर, अंजना जाट,रश्मि जाट, रेवाराम जाट के अलावा बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक, शिक्षक, शिक्षिका, शुभचिंतक एवं परिवारजन मौजूद रहे।

## डॉ महोबे वन्दे मारतम अवार्ड 2025 से सम्मानित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** गणतंत्र दिवस पर कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ख्याति प्राप्त चित्रकार और चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ यतीन्द्र महोबे, शास. महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर को कला, साहित्य और संस्कृति से जुडी संस्थान अनुराग्यम, नई दिल्ली द्वारा वन्दे मातरम अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए